आज़ादी का अमृत महोत्सव

# आयकर विभाग

प्रस्तुत करता है

# मोटू पतलू और कहानी पैन कार्ड की




अन्दर जानिए


क्या होती है **आयकर रिटर्न?**


टैक्सा मेरा नाम, टैक्सा मेरा नाम ।
सभी भारतवासियों को मेरा प्रणाम।।
इन्कम टैक्स की हर बात मैं दिल से बतलाऊंगा।
टैक्स देने वालों का मैं, दोस्त बन जाऊंगा।।





मोटू पतलू और कहानी पैन कार्ड की
आयकर निदेशालय (ज.सं.प्र.व प्र.) मयूर भवन, नई दिल्ली की परिकल्पना
Bank of Furphuri Nagar
EMBASSY
बू हू हू... कमाल है, कोई भी बैंक, मेरा खाता नहीं खोल रहा...
और मेरा वीजा भी नहीं लगा..बूहूहू
सभी पैन कार्ड माँग रहे हैं?
और मेरे से तीन साल की आयकर रिटर्न


मैंने तो पोस्टकार्ड सुना है, राशनकार्ड सुना है, यह पैन कार्ड क्या होता है पतलू?
मुझे क्या पता, मैं तो सिंगापुर जाने का सपना टूट जाने के कारण पहले से ही दुखी हूँ...बू हू हू


हमारी समस्या का हल करो तो जाने कि तुम AI यानि आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस हो
टैक्सा, अच्छा हुआ तुम आ गये
टैक्सा के पास है तुम्हारे हर सवाल का जवाब !



यानि हमारे मोटू पतलू हो गये हैं परेशान... और मुझे करना होगा परेशानी का निदान
तो क्या है तुम्हारा सवाल ?
यह पैन कार्ड क्या होता है...? बैंक वाले माँग रहे हैं



पैन कार्ड.. PAN यानि Permanent Account Number.. यह तुम्हारी असली पहचान होती है
पर मैं मोटू हूँ, यह पतलू है... हमारी पहचान तो यह है ना, टैक्सा ?


देखो, जैसे तुम्हारा नाम 'मोटू' है, तो दुनिया में ना जाने कितने लोगों का नाम 'मोटू' होगा। फिर भला तुम्हारी खास और अलग पहचान कैसे की जायेगी
अरे हाँ, यह तो मैंने सोचा ही नहीं था...मेरी 'अपनी' खास पहचान क्या है ?


वो है तुम्हारा PAN, जो सभी का अलग-अलग होता है। और इसी PAN से ही तुम्हारा बैंक व आयकर विभाग तुम्हारी एक खास पहचान बनाकर तुम्हारे आय व टैक्स सम्बंधी सभी कार्य करता है


पर इसका फायदा क्या है ?
भला, हमें PAN कार्ड की जरूरत ही क्या है?


पैन कार्ड के बिना नया बैंक एकाउँट नहीं खुल सकता ना ही तुम कोई जमीन या मकान खरीद व बेच सकते हो ना गाड़ी खरीद सकते हो।
ओह तो इसीलिए बैंक वालों ने मेरा एकाउँट नहीं खोला?
बिल्कुल, साथ ही आयकर रिटर्न भरते समय यही आपकी पहचान होती है। आप के बैंक एकाउँट, प्रॉपर्टी, वाहन, गहने या कुछ भी खरीदते समय यही नम्बर आयकर विभाग तक सारी जानकारी पहुँचा देता है क्योंकि यह नम्बर सिर्फ और सिर्फ तुम्हारा है।
आधार कार्ड भी तो इसी तरह का है। फिर दोनों में क्या फर्क हुआ ?


आधार आपकी आइडेंटिटी का खास नम्बर है और पैन आयकर विभाग का खास... ये दोनो ही अनिवार्य हैं और दोनों का अपना-अपना महत्व है।
वो तो समझ गये पर यह आयकर रिटर्न क्या होती है?
मेरा वीजा इसकी वजह से रूक गया बूहूहू
हर साल आपकी जितनी आय होती है, उसमें से आपके खर्चे निकालकर जो आय टैक्स के काबिल होती है उस पर आपको आयकर चुकाना होता है।
सरकार को कैसे पता चल जाता है कि हमने क्या कमाया या क्या खर्च किया है?
आजकल टेक्नोलॉजी एडवाँस हो गई है। जहाँ-जहाँ आपका पैन इस्तेमाल होता है, चाहे बैंक में, चाहे शॉपिंग में, चाहे संपत्ति खरीदने व बेचने में, वो सारी डिटेल खुद-ब-खुद आयकर विभाग के पास पहुँच जाती है एक तरह से तुम्हारी 'जन्मपत्री' बन जाती है
हम्म... फिर हमें रिटर्न भरने की क्या जरूरत है?


अरे मेरे दोस्तों, आयकर रिटर्न भरकर आप लोग यह जान पाते हो कि आप की आय पर वास्तविक टैक्स कितना देना है
जो TDS बैंक पहले ही काट लेता है, उसका क्या?
आपकी ITR में ही सब दर्शाया जाता है कि कितना कमाया, कितना TDS कटा, कितना खर्चा हुआ और कितना टैक्स बना
यानी बस हर साल रिटर्न भर दो और चैन की नींद सो जाओ
इसके अलावा तो कुछ नहीं करना?



नहीं मोटू पतलू, जितना टैक्स बनता है वो आपको अपने बैंक के जरिए आयकर विभाग में समय से जमा भी कराना होता है ताकि जुर्माने से बच सको!
यानि हर साल की रिटर्न भरनी है और वही वीजा वालों को दिखानी है?
सही पकडे हैं
यानि PAN कार्ड होना चाहिए ताकि आयकर विभाग को हमारी सही जानकारी मिले।
और आयकर रिटर्न भर कर हमें देश के प्रति अपना फर्ज निभाना चाहिए
तो फिर टैक्सा, हमें भी पैन कार्ड बनवा दो, ताकि हम भी आयकर चुका सकें!


अब देखना टैक्सा का कमाल
कोष मूलो दण्डः
यह देखो, तुम दोनों के पैन कार्ड... अब तुम अपना बैंक एकाउँट आराम से खोल सकते हो
आयकर विभाग
INCOME TAX DEPARTMENT
भारत सरकार
GOVT. OF INDIA
PATLU
15/01/XXXX
PPNCP84XXX
MOTU
27/05/XXXX
MMNCM59XXX
और मैं आयकर रिटर्न भरके सिंगापुर का वीजा लगवा सकता हूँ


शुक्रिया टैक्सा, तुमने हमें पैन कार्ड व आयकर रिटर्न की सरल जानकारी देकर हमारा मार्गदर्शन कर दिया
टैक्सा तो धमाल है। करता कमाल है! मुझे सबको बतलाना है!! आयकर विभाग के बारे में जानकार बनाना है!
और हमारे सँग सिंगापुर जाकर हँगामा भी मचाना है... हा हा हा
समाप्त

# भूल भुलैया

मोटू पतलू को उसका रास्ता ढूंढने में मदद करें ।





# इस चित्र में रंग भरें







# अन्य अंक

इस कॉमिक में हम जानेंगे कि हमारे देश के विकास के लिए
इन्कम टैक्स चुकाना क्यों जरूरी है। टैक्स चुकाने से देश कैसे समृद्ध बनता है।



आज़ादी का
अमृत महोत्सव

